भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 5743

जिसका उत्तर शुक्रवार, 04 अप्रैल, 2025 को दिया जाना है

**ओडिशा के जिला और उच्च न्यायालय में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लंबित मामले**

**5743. श्री सप्तगिरी शंकर उलाका :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) अनुसूचित जातियां और अनुसूचित जनजातियां (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत ओडिशा उच्च न्यायालय में आज की तिथि तक कुल कितने मामले लंबित हैं ;

(ख) ओडिशा में जिलावार ऐसे कुल कितने मामले लंबित हैं ;

(ग) उच्च न्यायालय और जिला न्यायालयों दोनों में ये मामले औसतन कितने समय से लंबित हैं ;

(घ) उक्त अधिनियम के अंतर्गत अपराधों के विचारण के लिए ओडिशा में कितने अनन्य विशेष न्यायालय स्थापित किए गए हैं और वे कहां-कहां स्थित हैं ; और

(ङ) विगत पांच वर्षों के दौरान ओडिशा में उक्त अधिनियम के अंतर्गत विचारित मामलों में दोपसिद्धि और दोषमुक्ति की दर कितनी है ?

**उत्तर**

**विधि और न्याय मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार);**
**संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री अर्जुन राम मेघवाल)**

**(क) से (ङ) :** उड़ीसा उच्च न्यायालय द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार, अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 (जिसे इसमें इसके पश्चात 'अधिनियम' कहा गाया है) के अधीन, 26.03.2025 तक, 2735 मामले रजिस्ट्रीकृत किए गए हैं और 290 मामले उच्च न्यायालय में लंबित हैं । इसके अतिरिक्त, 28.02.2025 तक, जिला न्यायालयों में 18562 मामले लंबित हैं। वही जिला-वार लंबित मामलों को दर्शाने वाला विस्तृत विवरण नीचे **उपाबंध-1** में दिया गया है । 28.02.2025 तक राज्य के जिला न्यायालयों में लंबित 18,562 मामलों की औसत अवधि 4.42 वर्ष है। इसके अतिरिक्त, अधिनियम के अधीन अपराधों के विचारण के लिए ओडिशा में बलांगीर, बालासोर और कटक में 3 (तीन) अनन्य विशेष न्यायालय स्थापित किए गए हैं। पिछले पांच वर्षों के दौरान ओडिशा में इस अधिनियम के अधीन विचारण किए गए मामलों में दोषसिद्धि/दोषमुक्ति दरों से संबंधित ब्यौरा निम्नानुसार है ।

| वर्ष | दोषसिद्धि दर (%) | दोष मुक्ति दर (%) |
|---|---|---|

| | | |
|---|---|---|
| 2020 | 4.94 | 85.77 |
| 2021 | 5.20 | 85.82 |
| 2022 | 9.27 | 89.24 |
| 2023 | 4.43 | 90.83 |
| 2024 | 2.21 | 88.76 |
| 2025 (28.02.2025 के अनुसार) | 6.27 | 78.42 |

******

**उपाबंध- 1**

**ओडिशा के जिला और उच्च न्यायालयों में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लंबित मामलों के संबंध में लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 5743 जिसका उत्तर तारीख को 04.04.2025 दिया जाना है, के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण।**

| क्र.सं. | न्यायाधीश का नाम | 28.02.2025 तक लंबित मामलों की संख्या | 28.02.2025 तक लंबित मामलों की औसत अवधि (वर्षों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंगुल | 727 | 4.46 |
| 2 | बलांगीर | 148 | 3.91 |
| 3 | बालारोरे | 987 | 5.87 |
| 4 | बारगढ़ | 715 | 4.30 |
| 5 | भद्रक | 1201 | 3.44 |
| 6 | बौध | 213 | 3.97 |
| 7 | कटक | 1637 | 4.02 |
| 8 | देवगढ़ | 196 | 6.80 |
| 9 | ढेंकनाल | 844 | 4.91 |
| 10 | गजपति | 70 | 2.23 |
| 11 | गंजम | 1018 | 3.21 |
| 12 | जगतसिंहपुर | 673 | 3.39 |
| 13 | जाजपुर | 1596 | 3.56 |
| 14 | झारसुगुडा | 344 | 4.63 |
| 15 | कालाहांडी | 498 | 4.26 |
| 16 | कंधमाल | 207 | 3.66 |
| 17 | केंद्रपाड़ा | 1225 | 4.00 |
| 18 | क्योंझर | 525 | 4.22 |
| 19 | खुर्दा | 1493 | 6.70 |
| 20 | कोरापुट | 185 | 5.80 |
| 21 | मलकानगिरी | 65 | 3.20 |
| 22 | मयूरभंज | 515 | 4.04 |
| 23 | नबरंगपुर | 202 | 9.15 |
| 24 | नयागढ़ | 257 | 3.58 |
| 25 | नुआपाड़ा | 268 | 5.21 |
| 26 | पुरी | 1425 | 4.30 |
| 27 | रायगढ़ | 91 | 2.66 |
| 28 | संबलपुर | 420 | 4.21 |
| 29 | सोनपुर | 342 | 5.16 |
| 30 | सुंदरगढ़ | 475 | 3.88 |
| **कुल** | | **18562** | **4.42** |

**************